>

Title: Need to repair and widen various stretches of National Highway No. 33 in Jamshedpur Parliamentary Constituency.

श्री अजय कुमार (जमशेदपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी का ध्यान एनएच 33 की तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं। एनएच 33 झारखंड जिले की सबसे महत्वपूर्ण हाईवे है। यह हमारे संसदीय क्षेत्र से गुजरती है। वर्तमान में एनएच 33 की हालत है, सात किलोमीटर की दूरी पर हमें कम से कम पांच घंटे का समय लग जाता है। इस मार्ग पर खासतौर से जमशेदपुर और बेरागोड़ा के बीच बस चलाना भी बंद कर दिया गया है। इसके चलते बेरागोड़ा, हमारे संसदीय क्षेत्र के लोगों को हॉस्पिटल पहुंचने, जमशेदपुर पहुंचने में काफी कठिनाई हो रही है। पिछले पन्द्रह दिनों में करीब-करीब चार व्यक्तियों की मौत हुई है। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : कृपया आप संक्षेप में बोलिये।

श्री अजय कुमार : मैं संक्षेप में बोल रहा हूं। वहां चार व्यक्तियों की मौत गाड़ी उलटने से हुई है।

मैं काफी दिनों से प्रयास कर रहा हूं कि एनएचएआई इस रोड की रिपेयर करे, लेकिन एनएचएआई कहती है कि इन्होंने इसे एक सिम्प्लेक्स कंपनी को दे दिया है और दीवाली के बाद ही काम शुरू होगा। लेकिन अब से दीवाली तक लगभग छः महीने का समय है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप सरकार से क्या चाहते हैं?

श्री अजय कुमार : इस रोड को जल्दी से रिपेयर किया जाए क्योंकि हर हफ्ते दो व्यक्तियों की मौत हो रही है उस रोड पर।

दूसरी समस्या, जो एनएचएआई से ही संबंधित है, यह है कि जमशेदपुर में मांगू क्षेत्र, जहां तीन लाख की आबादी है, वहां पर पानी की एक नई परियोजना की स्थापना हो रही है जिसके लिए एनएचएआई का नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट छः महीने से पेंडिंग है। इसलिए वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पा रहा है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि इन दो कामों - एनएच 33 की रिपेयर और नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जल्दी से दिलाया जाए।

उपाध्यक्ष महोदय : बहुत संक्षेप में बोलिए।

Shri Pralhad Joshi.

श्री प्रहलाद जोशी (धारवाड़): मैं बहुत संक्षेप में बोलूंगा।

उपाध्यक्ष महोदय : बहुत संक्षेप नहीं हो रहा है, इसीलिए बोलना पड़ रहा है।